<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–24.10.2025 (सुबह–0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त कर्मियों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, रांची में आयोजित रोजगार मेले में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ रहेंगे मौजूद।
2. घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन, तीन चरणों में होगी प्रत्याशियों के चुनावी खर्च की जांच।
3. लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध, राज्य के विभिन्न जिलों में 10 हजार से अधिक अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती।
4. राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कल से मौसम में परिवर्तन के संकेत, 29 अक्तूबर तक गरज के साथ बारिश की संभावना।
5. साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप आज से रांची में, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे उद्घाटन, खेल मंत्री ने लिया तैयारियों का जायजा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रोज़गार मेला पहल के तहत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए 51 हज़ार से ज़्यादा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।
इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नवनियुक्त युवाओं को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला देश भर में 40 स्थानों पर आयोजित किये जायेंगे। रांची में इस कार्यक्रम का आयोजन डोरंडा स्थित जैप–1 के शौर्य सभागार में सुबह 10 बजे से होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल होंगे।

*******************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन है। प्रत्याशी दोपहर बाद तीन बजे तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद चुनाव आयोग प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी करेगा। आयोग चुनावी खर्च की भी निगरानी कर रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्याशियों के चुनावी खर्च की जांच तीन चरणों में 30 अक्तूबर, चार नवंबर और आठ नवंबर को की जायेगी।

*******************

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे बचत उत्सव नाम दिया था। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में नए जीएसटी सुधार से लोगों को बहुत लाभ हो रहा है।

*******************

लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ कल से शुरु हो रहा है। छठ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राज्य में कड़े इंतजाम किए गए हैं। राज्य के विभिन्न जिलों में दस हजार से अधिक अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पर्व के दौरान अलर्ट रहने का निर्देश दिया है।

*******************

गिरिडीह में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन गंभीर है और इसके लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं।

*******************

उपराजधानी दुमका के एयरपोर्ट पर कल अचानक आग लग गई। आग सोलर प्लांट में लगी, जिससे काफी संख्या में बैटरियां जल गईं। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग से एयरपोर्ट को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। दुमका एयरपोर्ट के प्रबंधक अंकित सिन्हा ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

*******************

हजारीबाग पुलिस ने पेलावल ओपी क्षेत्र के छड़वा डैम के पास छापामारी कर चार अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के पास से दो किलो सात सौ ग्राम अफीम बरामद की गयी है। एएसपी अमित कुमार ने बताया कि मादक पदार्थ की यह खेप पंजाब भेजी जा रही थी।

*******************

उधर, दुमका जिले के मसलिया थाना क्षेत्र में छापेमारी कर पुलिस ने हथियार के बल पर वाहनों से लूटपाट करने वाले चार अपराधियों को गिरफ्तार किया, जबकि एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अपराधियों के पास से हथियार, कारतस और एक सफेद रंग की चार पहिया गाड़ी बरामद की गई।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कल से मौसम में परिवर्तन के संकेत हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार बंगाल की खाड़ी में निम्न दवाब का क्षेत्र बनने के कारण कल से 29 अक्तूबर तक राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर–पश्चिम इलाके में कई स्थानों पर गरज के साथ बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।

*******************

साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप आज से रांची में शुरु हो रही है। शाम छह बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका शुभारंभ करेंगे। इससे पहले कल शाम राज्य के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य के खिलाड़ियों के लिए यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा।

*******************

दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में बोकारो में आयोजित 13वीं झारखंड राज्य सब–जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। बालक वर्ग के मुकाबलों में रांची, हजारीबाग और चतरा की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो–दो जीत दर्ज की। बालिका वर्ग में चतरा, कोडरमा, बोकारो, गढ़वा, साहेबगंज, देवघर और रांची की टीमों ने जीत हासिल की।

*******************